झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

E-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं 06/2025

झारखण्ड सहायक कारापाल प्रतियोगिता परीक्षा–2025

आवश्यक सूचना–04

दिनांक – 28.10.2026

झारखण्ड सहायक कारापाल प्रतियोगिता परीक्षा–2025 (विज्ञापन संख्या– 05/2025 एवं 06/2025) अन्तर्गत शारीरिक मापदण्ड/दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक 28.10.2026 से राज्य अन्तर्गत 03 चयन पर्षद के माध्यम से किया जाना निर्धारित है। शारीरिक मापदण्ड/दक्षता परीक्षा के संबंध में कार्यक्रम की विवरणी पूर्व में ही आवश्यक सूचना–02 दिनांक 16.10.2026 द्वारा प्रकाशित है।

2. चक्रवात ''अरनव'' के कारण राँची में संभावित भारी वर्षा एवं महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के कार्यालय से प्राप्त पत्र के आलोक में चयन पर्षद–01 के अन्तर्गत जैप–1 ग्राउण्ड, डोरण्डा, राँची, झारखण्ड में दिनांक 28.10.2026, 29.10.2026, 30.10.2026 एवं 31.10.2026 को प्रस्तावित शारीरिक मापदण्ड/दक्षता परीक्षा का आयोजन क्रमशः दिनांक 18.11.2026, 19.11.2026, 20.11.2026 एवं 21.11.2026 को निर्धारित किया जाता है। शारीरिक मापदण्ड/दक्षता परीक्षण का शेष कार्यक्रम यथावत् रहेगा।

3. आवश्यक सूचना–02 दिनांक 16.10.2026 एवं आवश्यक सूचना–03 दिनांक 22.10.2026 को इस हद तक संशोधित किया जाता है। आवश्यक सूचना–02 दिनांक 16.10.2026 एवं आवश्यक सूचना–03 दिनांक 22.10.2026 का शेष अंश यथावत् रहेगा।

4. अभ्यर्थियों को पुनः प्रवेश पत्र डाउनलोड करना अनिवार्य नहीं हैं।

5. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि आयोग के वेबसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in का नियमित अवलोकन करेंगे।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।